हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 अक्टूबर 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

10 कोकड़ी के ग्रामीणों ने की सरपंच-सचिव पर उचित कार्रवाई की मांग



12 चार डिसमिल की जमीन बेचा पांच हजार रुपए में



## खबर संक्षेप

### मेगा इवेंट कार्यक्रम स्थगित

**धमतरी।** प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के शुभारंभ अवसर पर 2 अक्टूबर को मेगा इवेंट कार्यक्रम आयोजित होना था। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि मगरलोड के ग्राम मोहंदी में आयोजित होने वाले मेगा इवेंट कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

### कलेक्टोरेट में करैत मिलने से मचा हड़कंप



**धमतरी।** सोमवार को कलेक्टोरेट स्थित आवक- जावक शाखा में जहरीले सर्प करैत के मिलने से हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टोरेट की आवक-जावक शाखा लिपिक की दराज के अंदर करैत सांप मिला। हालांकि कोई अनहोनी नहीं हुई। सांप की पहचान डंडा करैत के रूप में हुई। रूद्री निवासी सूर्यकांत साहू को बुलाकर इसका रेस्क्यू किया गया। आवक-जावक शाखा में जहरीले सांप की मौजूदगी से कर्मचारियों के रोंगटे खड़े हो गए थे।

### खाद्य अधिकारी दो को करेंगे धरना-प्रदर्शन

**धमतरी।** प्रदेश के सभी खाद्य निरीक्षक, सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य अधिकारी 1 अक्टूबर को अपनी लंबित मांगों के त्वरित निराकरण हेतु एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे एवं 2 अक्टूबर को रायपुर में धरना प्रदर्शन करेंगे। उनकी प्रमुख मांग खाद्य निरीक्षकों एवं सहायक खाद्य अधिकारियों की वेतन विसंगति दूर की जाए। सहायक संचालक (खाद्य अधिकारी) के पद पर पदोन्नति एवं सीधी भर्ती के अनुपात को पूर्व की भांति 75 प्रतिशत 25 प्रतिशत किया जाए। सहायक संचालक (खाद्य अधिकारी) के रिक्त पदों में से 7 प्रतिशत पद अधीक्षक संचालनालय की पदोन्नति से भरे जाने के प्रावधान को निरस्त किया जाए। राशन कार्डधारियों को वितरण हेतु सही मात्रा में खाद्यान्न का आवंटन जारी किया जाए व खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की जटिलताओं को दूर किया जाए।

### करंट से मंडी उपनिरीक्षक की मौत

**धमतरी।** खेत देखने गए मंडी उपनिरीक्षक की करंट लगने से मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम दर्री निवासी लीलाराम साहू पिता रामभरोसा उम्र 56 वर्ष कृषि उपज मंडी धमतरी में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत था। लीलाराम रोजाना की तरह सोमवार की सुबह अपने खेत गया था। खेत स्थित पंप हाउस के पास करंट की चपेट में आने से वह अचेत पड़ा था। लोगों ने उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना पर भतीजा निरंजन साहू तत्काल खेत पहुंचा। खेत से लीलाराम को निजी वाहन की मदद से तत्काल उपचार के लिए मसीही अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



---

विडंबना : लगातार कार्रवाई के बाद भी मिलावटी, नकली, अमानक खाद्य पदार्थों का धंधा नहीं रूक रहा

# मिलावटी खाद्य पदार्थों की भरमार, 6 माह में 17 केस कोर्ट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में अमानक और नकली खाद्य पदार्थों की भरमार है। स्थिति देखें तो पिछले 6 माह में कुरूद और धमतरी क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं से 40 सेंपल रायपुर जांच के लिए भेजे गए थे, जिसमें से 17 सेंपल फेल हो गए। इन मामलों को कोर्ट में पेश कर दिया गया है।

जिले में नकली और अमानक खाद्य पदार्थों का धंधा खूब फलफूल रहा है। खाद्य औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी यह गोरखधंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब तो सामने त्योहार का सीजन है, जिसके चलते खाद्य पदार्थ, मिठाई सहित अन्य प्रकार के राशन की डिमांड और बढ़ जाएगी। इस दौरान मिलावटी, अमानक और नकली खाद्य पदार्थों के बिकने की आशंका और बढ़ गई है। उधर खाद्य औषधि प्रशासन विभाग ने इस पर लगाम लगाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। सेंपलिंग जांच की रफ्तार अभी से बढ़ा दी गई है। सीजन में चलित प्रयोगशाला मंगवाकर खाद्य पदार्थों की तत्काल जांच की जाएगी। अमानक या नकली खाद्य पदार्थ पाए जाने पर तत्काल ही नष्ट कराया जाएगा।

### जांच रिपोर्ट में विलंब

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए जिले में कोई सुविधा नहीं है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों का सेंपल लेकर जांच के लिए रायपुर भेज दिया जाता है। धमतरी से मात्र 80 किमी दूरी होने के बाद भी रायपुर से जांच रिपोर्ट आने में 15-20 दिन का समय लग जाता है। प्रयोगशाला में जांच के लिए पूरे प्रदेशभर से सेंपल आते हैं। इसके चलते रिपोर्ट भेजने में विलंब हो जाता है। इस समस्या का फायदा अमानक और नकली खाद्य पदार्थ बेचने वालों को मिलता है। सेंपलिंग के बाद जब तक रिपोर्ट आती है, तब तक उनका बचा हुआ माल बिक चुका होता है।



फाइल फोटो

### चलित प्रयोगशाला की जांच में कार्रवाई नहीं

समय-समय पर खाद्य औषधि प्रशासन द्वारा रायपुर से चलित प्रयोगशाला मंगवाकर खाद्य पदार्थों की तत्काल जांच की जाती है। त्योहारी सीजन में भी इस प्रयोगशाला को बुलाने की तैयारी है। विडंबना यह है कि इस प्रयोगशाला में जांच के बाद खाद्य पदार्थ नकली और मिलावटी पाया जाता है, तब भी प्रकरण नहीं बनाया जा सकता है। प्रकरण प्रयोगशाला से मिलने वाली जांच रिपोर्ट के आधार पर ही किया जाता है। हालांकि चलित प्रयोगशाला में खाद्य पदार्थ अमानक मिलता है तो उसे तत्काल ही नष्ट करवा दिया जाता है।

### हो रही है जांच

खाद्य पदार्थों की लगातार जांच हो रही है। नकली, अमानक या मिलावटी पाए जाने पर संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। सामग्री को नष्ट कराया जाता है। अब तक धमतरी क्षेत्र में 8 मामले को कोर्ट में पेश किया जा चुका है। विभिन्न संस्थाओं को ढाई लाख रुपए का फाइन भी हुआ है।

**- फनेश्वर पिथौरा,**
*खाद्य सुरक्षा अधिकारी धमतरी*

### मिलावट पहचानना आसान नहीं

मिलावटी खाद्य पदार्थ असली से ज्यादा असली नजर आता है। इस कारण इन्हें पहचानना आसान नहीं है। जलेबी सहित अन्य मिठाइयों को चटकदार रंग देने के लए गाय छाप रंग का इस्तेमाल किया जाता है, जिसका सेवन सुरक्षित नहीं है। यह रंग प्रतिबंधित भी है। मिठाइयों को फ्लेवर देने के लिए तरह -तरह के एसेंस डाले जाते हैं। मिठाइयों में फ्लेवर का स्वाद देने के लिए कई प्रकार के केमिकल का उपयोग किया जाता है। स्थिति यह है कि काजू, पिस्ता, बादाम जैसे ड्रायफ्रूट भी नकली आ रहे हैं। मूंगफली के दानों से इन ड्रायफ्रूट का निर्माण किया जाता है। नागपुर से सस्ते दाम में इस प्रकार के ड्रायफ्रूट की भरपूर सप्लाई आती है।

### बार-बार के उपयोग से हो जाता है जहरीला

कई होटलों में तेल का बार- बार उपयोग किया जाता है। बार -बार गर्म होने से तेल में फैट की मात्रा बढ़ जाती है और यह तेल गाढ़ा और चिपचिपा हो जाता है। फैट की ज्यादा मात्रा को हमारे शरीर का पाचन तंत्र पचा नहीं पाता है और यह हमारे लिए जहर का काम करता है। विशेषज्ञों की माने तो हमें इस प्रकार के तेल से बने खाद्य पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। घर में भी तेल का बार- बार उपयोग नहीं करना चाहिए।

---

गोकुलपुर की घटना, हमले में दोनों को आई गंभीर चोट

# दो युवकों पर टंगिया व बसूला से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गाली देने का आरोप लगाकर नाबालिग भाइयों ने दो युवकों पर टंगिया व बसूला से ताबड़तोड़ प्राणघातक हमला कर उसे घायल कर दिया है। घायलों का निजी अस्पताल में उपचार जारी है।

पुलिस व परिजनों के अनुसार स्थानीय गोकुलपुर निवासी महेन्द्र साहू व तेजेश्वर साहू रविवार की रात्रि लगभग 11.30 बजे आपस में बाते करते हुए घर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान दो नाबालिग भाइयों ने अपने बारे में गलत कहने का आरोप लगाते हुए निगम पानी टंकी के पास महेन्द्र व तेजेश्वर को अश्लील गाली देते हुए उन पर टंगिया व बसूला से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लड़ाई-झगड़े की आवाज सुनकर तामेश्वर साहू बाहर निकला तो देखा कि दोनों युवकों के सिर पर चोट लगी हुई थी। सिर से खून भी निकल रहा था। वहीं दोनों नाबालिग टंगिया व बसूला से मारने के लिए खड़े थे। बीच- बचाव करने पर दोनों आरोपी वहां से भाग गए। घटनास्थल पर घायल व बेहोश पड़े महेन्द्र व तेजेश्वर को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में एक युवक का हाथ फ्रेक्चर हो गया है वहीं दूसरे घायल युवक के सिर पर कई टांके लगे हैं। तामेश्वर साहू की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 118-1, 296, 3-5, 351-2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।



**विवेचना कार्रवाई जारी**

कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने मीडिया को बताया कि तामेश्वर साहू ने शिकायत की है कि रविवार की रात्रि महेन्द्र व तेजेश्वर मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान गोकुलपुर के दो युवकों ने टंगिया से हमला कर घायल कर दिया है। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कार्रवाई की जा रही है।

---

# मिशन मैदान में छाया फुटबाल का रोमांच





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मिशन ग्राउंड में तीन दिवसीय अंतर शालेय फुटबाल प्रतियोगिता में स्कूली छात्र छात्राओं ने खूब पसीना बहाया। इस प्रतियोगिता के लिए जिलेभर के स्कूलों से 20 टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें 15 बालक और 5 बालिका टीम है। खेल का रोमांच शाम तक जारी रहा। यह प्रतियोगिता 30 सितंबर से शुरू हुआ जो 2 अक्टूबर तक चलेगा।

पिछले 14 साल से जिले में अंतरशालेय फुटबाल प्रतियोगिता बंद थी। जिला फुटबाल संघ और संघ के पदेन अध्यक्ष एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के प्रयास से फिर से यह प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता का पहला मैच अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल की बालिका टीम के बीच हुआ। एसपी श्री वार्ष्णेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहले मैच में निर्धारित समय में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। मैच का फैसला पेनाल्टी किक आउट से हुआ, जिसमें अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने 2-0 से जीत प्राप्त कर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरा मैच मेनोनाइट इंग्लिश और नूतन इंग्लिश स्कूल की बालक टीम के बीच हुआ, जिसमें मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल की टीम ने एकतरफा 7 -0 से जीत हासिल की। तीसरा मैच केन अकादमी विरुद्ध सोरिद के बीच हुआ, जिसमें सोरिद 2-0 से विजयी रहा। चौथा मैच विद्याकुंज मेमोरियल विरुद्ध सेंट जेवियर्स धमतरी के बीच हुआ जिसमें सेंट जेवियर्स 5-0 से विजयी रहा। पांचवां मैच स्वामी आत्मानंद स्कूल धमतरी विरुद्ध सेंट मैरी धमतरी के बीच खेला गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद की टीम ने 2-0 से जीत हासिल की। बालिका वर्ग का दूसरा मैच थूहा कुरूद विरुद्ध सर्वोदय स्कूल धमतरी के मध्य हुआ, जिसमें थूहा ने 2-0 जीत हासिल की।

---

# चौबीस घंटे में 3 सड़क हादसे, 5 से अधिक घायल

- कहीं ट्राली पलटी तो कहीं बाइक व साइकिल टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीते चौबीस घंटे में शहर व आसपास तीन अलग-अलग जगह सड़क हादसे हुए हैं। इस हादसों में पांच से अधिक लोग घायल हो गए हैं जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर की सड़कों पर दुर्घटना का सिलसिला जारी है। बाइक ने साइकिल सवारों को ठोकर मारकर घायल किया तो कहीं बाइक ने स्कूटी को ठोकर मार दी। इसी तरह रेत से भरी ट्रेक्टर ट्राली के पलट जाने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार की सुबह की है। रेत से भरी ट्रेक्टर धमतरी से ग्राम मुजगहन की तरफ जा रही थी। ट्रेक्टर को सुशील यादव ग्राम पोटियाडीह निवासी चला रहा था। ट्राली में रेत के ऊपर सोनू साहू ग्राम पेंडरवानी व तोरण यादव ग्राम पोटियाडीह निवासी सवार थे। ग्राम मुजगहन के पास तेज रफ्तार ट्रेक्टर की ट्राली अचानक पलट गई। इस घटना में चालक को कुछ नहीं हुआ। ट्राली में सवार तारेंद्र अलग फेंका जाने से उसे मामूली चोट आई है। वहीं सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।









### बाइक की ठोकर से नई साइकिल चकनाचूर

सोरिद निवासी खिलेंद्र साहू पिता अंकालु उम्र 30 वर्ष व उसके चचेरे भाई संतराम साहू पिता मंगलूराम उम्र 40 वर्ष सेंट्रिंग का काम करते हैं। इन दिनों सोरिद कालीमंदिर के पीछे उनका काम चल रहा है। सोमवार को साइट में सेंट्रिंग लकड़ी भेजने के बाद दोनों चचेरे भाई अपनी नई साइकिल से काम करने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसकी साइकिल को जोरदार ठोकर मार दी। घटना के बाद बाइक चालक मौके से भाग गया। इस हादसे में साइकिल सवार घायल हो गए। खिलेंद्र के दायें पैर व सिर में चोट लगी है। वहीं संतराम के पैर, हाथ व कंधे को चोट आई है। सूचना पर धमतरी लोकेशन की संजीवनी 108 के ईएमटी पूनमचंद व पायलेट तोमपाल एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल संतराम ने बताया कि बाइक चालक रास्ते में तीन चार साइकिल को ठोकर मारते आ रहा था। इस घटना में उनकी नई साइकिल चकनाचूर हो गई है।

### स्कूटी ने बाइक को ठोकर मारी

मकेश्वर वार्ड निवासी मेघनाथ साहू पिता संतोष उम्र 24 वर्ष रविवार की देर रात्रि अपनी बाइक से उत्तम यादव पिता चेताराम उम्र 35 वर्ष को नयापारा छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान अंबेडकर चौक के पास तेज रफ्तार स्कूटी चालक बाइक को सामने से ठोकर मारकर भाग गया। इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर पड़ा था। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान ने डोमन साहू व हेमंत साहू के सहयोग से एम्बुलेंस में दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

---

# जल जगार महोत्सव पर 6 को होगा हाफ मैराथन

- प्रतिभागी क्यू-आर कोड स्कैन कर 30 सितम्बर तक करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में जल जगार महोत्सव का आयोजन रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में 5 एवं 6 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके तहत 6 अक्टूबर को हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जल जागरूकता के लिए आयोजित इस विराट आयोजन का हिस्सा बनने और हाफ मैराथन के लिए धावकों को 30 सितम्बर तक पंजीयन कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह हाफ मैराथन तीन श्रेणियों में आयोजित होगा, इसमें गंगरेल हाफ मैराथन, एन्डुरन्स रन और वॉकेथॉन शामिल है। हाफ मैराथन में हिस्सा लेने के इच्छुक वेबसाईट www.jaljagar.com में जाकर क्यू.आर. कोड स्कैन कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरस्कार मिलेगा।

गौरतलब है कि गंगरेल हाफ मैराथन के तहत 21.1 किलोमीटर का मैराथन सुबह 5.30 बजे से होगा। इसमें 18 से 29 वर्ष, 30 से 49 वर्ष तक की आयु वर्ग तथा 50 वर्ष से अधिक आयु के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें प्रथम पुरस्कार 10 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7500 रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपये है। इसी तरह एन्डुरन्स रन के तहत 10 किलोमीटर का मैराथन सुबह 6.15 बजे से आयोजित होगा। इसमें 15 से 29 वर्ष, 30 से 49 वर्ष तक की आयु तथा 50 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसमें प्रथम पुरस्कार 6 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार 2 हजार रूपये रखा गया है। इसके साथ ही पारिवारिक मनोरंजन के लिए वॉकेथॉन के तहत 5 किलोमीटर का मैराथन सुबह 6.30 बजे से होगा। इसमें पुरूष और महिला दोनों श्रेणियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।





---

23-24 सितंबर की दरम्यानी रात दिया था वारदात को अंजाम

# आइसक्रीम फैक्ट्री से कॉपर क्वाइल की चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

अनुविभाग कुरुद अंतर्गत चौकी करेलीबड़ी क्षेत्र के ग्राम नवागांव की आईसक्रीम फैक्ट्री का ताला तोड़कर पानी की टंकी से 4 कॉपर क्वाइल की चोरी करने वाले 3 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। तीनों आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 1 टीव्हीएस एक्सल गाड़ी, कॉपर पाइप का टुकड़ा 110 नग जब्त किया है।

मामले का खुलासा करते हुए एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बताया कि प्रार्थी कैलाश कुमार नारवानी साकिन गंज रोड नवापारा थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर के ग्राम नवागांव में स्थित भूमि आईसक्रीम फैक्ट्री का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कॉपर (तांबा) की क्वाइल की चोरी कर ले गया था। विवेचना के दौरान करेलीबड़ी पुलिस ने आरोपी की पतासाजी हेतु लगातार आसपास के लोगों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना पर संदेही निक्की नेताम, राम देवार, गौतम देवार से कड़ाई से पूछताछ करने पर आईसक्रीम फैक्ट्री में 23-24 सितंबर की दरम्यानी रात को ये तीनों एवं इसके एक साथी कुल चार लोगों ने मिलकर फैक्ट्री के पीछे से दीवार फांदकर खिड़की से घुसकर पानी टंकी में लगे कॉपर (तांबा) क्वाइल पाइप की चोरी कर पाइप के टुकड़े कर प्लास्टिक की बोरी में भरकर ग्राम नवागांव नर्सरी के पास नहर में पानी व झाड़ियों में छिपाकर रखा था। आरोपियों की निशानदेही पर कॉपर पाइप का टुकड़ा 90 नग एवं 28 नग कापर पाइप का टुकड़ा कीमत 40,000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त 1 टीव्हीएस एक्सल गाड़ी कीमत 20,000 रूपये को नवापारा मंडी से जब्त किया गया। मामले में एक आरोपी लखन देवार फरार है जिसकी लगातार तलाश की जा रही है।

इस कार्रवाई में पुलिस चौकी करेलीबड़ी प्रभारी उनि अजय सिंह, सउनि तुलसीराम मिथिलेश, प्रआर हेमंत उईके, आरक्षक यशवंत लहरी, खोगेश्वर दास, रितेश साहू, मनोहर गायकवाड़ व लांस नायक यमुना लाल साहू, सैनिक गोपीराम ढीढी का योगदान रहा।





## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**

## आमाचानी में नवरात्रि महोत्सव एवं नाचा गम्मत 5 से

**मगरलोड।** ग्राम आमाचानी में नवजागरण दुर्गा उत्सव समिति, ग्रामवासी एवं दानदाताओं के सहयोग से नवरात्रि महोत्सव एवं नाचा गम्मत का कार्यक्रम बजरंग चौक पर पांच अक्टूबर से किया जा रहा है। प्रथम दिवस 5 अक्टूबर को मोर संगी जहुरिया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी गुजरा भखारा, 6 अक्टूबर को नजरू व संतु नाचा पार्टी ग्राम कसावाही बालोद, 7 अक्टूबर को मया के संदेश छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कसही बालोद, 8 अक्टूबर को जय छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी देवरी धमतरी व 9 अक्टूबर को श्रीराम लखन छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी सोरम धमतरी की प्रस्तुति होगी। दीप प्रज्ज्वलन एवं शुभारंभ 5 अक्टूबर को शाम 7 मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू करेंगे। अध्यक्षता शुक्लाभाठा सरपंच ललित महेश साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डीहूराम साहू, पूर्व पंचायत इंस्पेक्टर नूतन साहू, बोड़रा सरपंच रूपा केवल वर्मा, गाड़ाडीह सरपंच ओमप्रकाश साहू, उपसरपंच फनेंद्र साहू, शिक्षक आरएस कंवर करेंगे। इसकी तैयारी में नवजागरण दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

**आरोप : निजी फायदे के लिए घास भूमि को अवैध रूप से लीज पर लिया था**

# कोकड़ी के ग्रामीणों ने की सरपंच सचिव पर उचित कार्रवाई की मांग

**एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कहा- एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो घेराव करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

ग्राम पंचायत कोकड़ी (खैरा) के सरपंच द्वारा व्यवसायिक उपयोग के लिये घासभूमि को लीज को लिया गया। जनपद कुरुद की जांच समिति द्वारा इसे अवैध पाये जाने पर ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव पर मिलीभगत कर असंवैधानिक कार्य करने का आरोप लगाकर उचित कार्रवाई करने की मांग को लेकर एसडीएम कुरूद को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को एसडीएम दफ्तर पहुंचे ग्रामीण रोशन कुमार, रामकिशन, रोमन कुमार, शिवकुमार, भोलाराम, सुधु, रामप्रसाद, देवराज, उदेराम, देवराज ने बताया कि कोकड़ी (खैरा) के सरपंच टिकेश कुमार द्वारा मनमानी करते हुए श्मशान के नाम से स्थित घास भूमि को लीज में लेकर उपयोग



किया जा रहा था। इसकी शिकायत ग्राम विकास समिति द्वारा की गई थी। अधिकारियों द्वारा की गई जांच में घास भूमि को लीज पर लेना अवैधानिक बताया गया। नियम को ताक पर रख सरपंच व सचिव द्वारा मनमानी करते हुए उक्त भूमि को लीज में लेकर व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। जनपद सीईओ बीआर वर्मा ने लीज को अवैध बताते हुए लीज को समाप्त करने अनुशंसा की है। इससे सिध्द होता है कि सरपंच ने सचिव के साथ मिलकर मनमानी की है। दोनों दोषी है और उचित कार्रवाई करने की मांग को लेकर एसडीएम कुरुद को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आगे कहा कि अगर सप्ताह भर के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी दिनों में पूरे गांव को लेकर दफ्तर का घेराव करेंगे।

### क्या है पूरा मामला

ग्राम पंचायत कोकड़ी (खैरा) की शासकीय घास भूमि श्मशान गंज खसरा नम्बर 675 को अवैध रूप से दिए गए लीज को समाप्त करने सीईओ कुरूद ने एसडीएम कुरूद को पत्र लिखा था। जांचकर्ता अधिकारियों को चिंताराम ध्रुव सचिव ने जानकारी दी थी कि ऑक्सीजोन की नीलामी की गई है, जिसकी मुनादी सूचना उनके पास नहीं है। ऑक्सीजोन नीलामी की सूचना ग्राम में चस्पा नहीं की गई है। निरस्त हेतु वैभव लक्ष्मी महिला समूह को नहीं दिया गया। ऑक्सीजोन हेतु नीलामी शासन से कोई आदेश नहीं आया है। यह ग्राम पंचायत की व्यवस्था हेतु किया गया था। उक्त जमीन पर मिश्रित पौधरोपण मुक्तिधाम के पास 3 एकड़ 33 डिसमील पर वर्ष 2022-23 में 10.13 लाख स्वीकृत है, जिसमें अब तक व्यय 303557 लाख है। जांच समिति ने पाया कि पूरी प्रकिया सरपंच को लाभ पहुंचाने अनियमिततापूर्वक की गई। इसमें सचिव की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्राम विकास समिति ने सरपंच व सचिव के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की मांग प्रशासन से की है।

# कुरूद में इस बार भी रहेगी गरबा की धूम



- श्रीराम जानकी गरबा महोत्सव परिवार द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

प्रतिवर्ष की परंपरा के तहत इस बार भी चंद्राकर भवन कुरूद में श्रीराम जानकी गरबा महोत्सव परिवार द्वारा का गरबा प्रशिक्षण कार्य जारी है। समिति की अध्यक्ष नेहा चंद्राकर के मार्गदर्शन में स्थानीय माताएं-बहनें और बेटियां प्रतिदिन शाम होते ही प्रशिक्षण में भाग ले रही हैं।

पूर्व नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने बताया कि रायपुर की गरबा ट्रेनर शालिनी गर्ग और रजक नायक द्वारा गरबा से जुड़े विभिन्न गीतों के माध्यम से सभी को अलग-अलग स्टेप के माध्यम से ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें हर वर्ग की महिलाएं पूरे उत्साह के साथ भाग ले रही हैं। इस बार नए कलेवर के साथ इस आयोजन का प्रशिक्षण कार्य जारी है। जैसे-जैसे दिन आगे जाएगा भाग लेने वालों की संख्या बढ़ती जाएगी। आगामी शारदीय नवरात्रि में इसकी विशेष तैयारी आयोजक परिवार द्वारा जारी है। नवरात्रि में प्रथम दिवस से आयोजन के समापन तक अलग-अलग दिन विशेष थीम और ड्रेस कोड रखा गया है। वहीं गरबा ट्रेनरों द्वारा नवरात्रि से जुड़े विभिन्न संगीत द्वारा गरबा नृत्य की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान नमिता चंद्राकर, सुरेखा चंद्राकर, नविता चंद्राकर, धनी चंद्राकर, बरखा चंद्राकर, अंजु चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, रजनी साहू, श्वेता अग्रवाल, अमृता देवांगन, अंजु साहू, रूपेश्वरी साहू, मीना साहू, भारती साहू, सीमा साहू, गायत्री चंद्राकर, धानी चंद्राकर, नंदिता बैस आदि का सहयोग मिल रहा है।

# महासमुंद सांसद रूपकुमारी ने की सदस्यता अभियान की समीक्षा

- मगरलोड-कुकरेल मंडल में चला भाजपा का वृहद सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला नेतृत्व के आह्वान पर पूरे भारत में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत छग प्रदेश के सदस्यता अभियान की संयोजक और महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र के मगरलोड तथा कुकरेल मंडल के विभिन्न गांवों में जाकर आभियान की समीक्षा कर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आवाश्यक दिशा-निर्देश दिए।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस, पूर्व विधायक पिंकी शाह, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, मंडल प्रभारी राजेंद्र गोलछा, कुकरेल प्रभारी विकल, विजय यदु, शत्रुघ्न साहू, भवानी यादव, कुकरेल मंडल अध्यक्ष वामन साहू, महामंत्री अजय यादव, संजय मरकाम, चंद्रकला साहू, ऋतु साहू, हिरंजय साहू, लोकेश साहू, रामायण सिन्हा, एवन साहू, दुर्गा साहू, उर्वशी साहू, भानुप्रिया साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकरी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सांसद भोजराज ने दिलाई भाजपा की सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सिहावा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध कणेश्वर महादेव मंदिर धाम में पहुंचे कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने भाजपा सदस्यता अभियान 2024 अभियान के तहत टुनेन्दर कुमार मार्कण्डेय को भाजपा की सदस्यता दिलाई। कहा कि शहर, नगर, हर गांव, हर वार्ड में यह अभियान चलायें और लोगों को जोड़े। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि नगरी मंडल अन्तर्गत हर गांव, हर बूथ में यह अभियान चलायें। लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ हर नागरिक को मिले, यह हमेशा प्रयास करें।

मौके पर मंडल अध्यक्ष नगरी मोहन नाहटा, महामंत्री हृदय साहू, रूपेन्द्र साहू, राजू पटेल, जितेन्द्र मंडावी, डोमार सिंह, सरपंच शारदा ध्रुव, टीकू ध्रुव, बल्लू सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बकली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने 500 के लक्ष्य को किया पार

- लक्ष्य पूरा करने पर कार्यकर्ताओं को गमछा भेंटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान महापर्व में ग्राम बकली बूथ क्रमांक 191 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश पर 500 के लक्ष्य को पार करते हुए 525 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। विधायक श्री चंद्राकर ने एक बूथ में 500 के लक्ष्य को पार करते हुए 525 मेंबरशिप तैयार करने पर कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की।

सदस्यता दिलाने के बाद



रिकार्ड रजिस्टर में दर्ज कर जागेश्वर साहू व कार्यकर्ताओं ने दाऊ टकेश्वर चंद्राकर सिवनीकला, थानेश्वर तारक सरपंच गोजी को रजिस्टर सौंपा। सदस्यता अभियान में लक्ष्य को पूरा करने वाले कार्यकर्ताओं को मौके पर टकेश्वर चंद्राकर, थानेश्वर तारक सरपंच गोजी, जागेश्वर साहू पूर्व जनपद सदस्य, रेल्हाराम साहू, मन्नू लाल साहू, अंकालु, शिवकुमार साहू ने गमछा भेंटकर सम्मान किया।

इस दौरान हरिराम, मनोहर, यशवंत, दिवाकर, संतराम, रामचंद्र, नवनीत, थानेश्वर, बृजलाल, देवकुमार, अंकित, राजू, हरिराम, लालाराम, नीलकंठ, गीतू, केशव, राजकुमार, इंद्रमन, दिलीप, चंदू मौजूद रहे।

# प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित करने का पर्व है नवाखाई : नाग

- गोंडवाना समाज ने नवाखाई ठाकुर जोहारनी पर्व धूमधाम से मनाया
- सांसद ने समाज को दस लाख रुपए देने की घोषणा की
- पारंपरिक नृत्य ने कार्यक्रम में समां बांधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

गोंडवाना समाज सेवा समिति का तहसील स्तरीय नवाखाई ठाकुर जोहारनी महापर्व रविवार को गोंडवाना भवन नगरी में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराज नाग सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र थे। अध्यक्षता टिकेश्वर ध्रुव अध्यक्ष गोंडवाना समाज ने की। विशिष्ट अतिथि अंबिका मरकाम विधायक, संरक्षक रामप्रसाद मरकाम, पीलाराम नेताम, लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक, पिंकी शाह पूर्व विधायक, प्रकाश बैस जिलाध्यक्ष भाजपा, शकुंतला ठाकुर, बिन्दा नेताम थे।





ज्ञात है कि गोंडवाना समाज द्वारा प्रतिवर्ष नवाखाई एवं ठाकुर जोहारनी पर्व मनाया जाता है। यह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, नए अन्न को अर्पण एवं ग्रहण करने वाला पारंपरिक पर्व है जो सदियों से चला आ रहा है। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद श्री नाग ने कहा कि आदिवासी समाज की परंपरा, रीति रिवाज को बचाए रखना है। प्रकृति ज्ञान को सीखने की जरूरत है। पूर्वजों के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए समाज की संस्कृति को सुरक्षित करने की हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज की गोंडी भाषा को संरक्षित रखने पर बल दिया । सांसद निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। सामाजिक भवन में डोम निर्माण, व्यावसायिक कांप्लेक्स की मांग के संबंध में मुख्यमंत्री से मिलकर पूरा कराने की बात कही। विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने समाज की इस ऐतिहासिक पर्व को सुरक्षित रखकर आने वाले पीढ़ी तक पहुंचाने की बात कही तथा उन्होंने समाज की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने सामाजिक जनों को संगठित रहकर कार्य करने की बात कही। स्वागत भाषण टिकेश्वर ध्रुव अध्यक्ष ने दिया। अभिनंदन पत्र का वाचन संरक्षक श्रवण मरकाम ने किया। नवाखाई पर्व पर सलाहकार चिंता राम तुमरेटी ने प्रकाश डाला। डोमार सिंह ध्रुव व्याख्याता ने शिक्षा का महत्व बताया। कार्यक्रम में विभिन्न उपक्षेत्र से आए हुए नन्हे मुन्हे बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी । लोक नर्तक दल ने बारी- बारी से पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र, उन्नत कृषक, व्यावसायी,कलाकार, चित्रकार, शिक्षक, समाजसेवकों को श्रीफल एव प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सभा का संचालन सहसचिव सुरेंद्र नेताम, हरकराम मंडावी तथा आभार प्रदर्शन मोहन सिंह कुर्रु अध्यक्ष कर्मचारी प्रभाग ने किया।

इस अवसर पर लखनलाल ध्रुव, नारायण मरकाम, जेएल चंद्रवंशी, भगवान सिंह नेताम, जितेंद्र कुंजाम, पीलाराम कोर्राम, शत्रुघ्न साक्षी, पिंगल गोटा, राजू कावडे, सुखराम मरकाम, देवनाथ वट्टी, संतोष नेताम, जवाहर मरकाम, उमेश मरकाम, सोनाराम नेताम, देवनाथ नेताम, ईश्वर नेताम, राजेश समरथ, जग्गू मरकाम, श्रीमती शतरूपा तमोवंशी, भुनेश्वरी नेताम, फुलेश्वरी नेताम, विमला मरकाम, गोमती कुंजाम, जलवती नागेश,कृष्णा मरकाम, हेमंत तुमरेटी, अर्जुन मरकाम, दशरथ नेताम, गंगाराम नेताम, बुधराम नेताम, ऋषि ओटी, मनीष नेताम सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। दो हजार से अधिक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रेलापाटा नृत्य किया।

# संगठन की एकजुटता पर दिया बल



- सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लाक इकाई की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शनिवार को विभिन्न मुद्दों पर सहायक शिक्षक फेडरेशन कुरूद की बैठक बीआरसी कार्यालय कुरूद में हुई। बैठक में प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर ने सोना साहू के क्रमोन्नति मामले पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष दौलत ध्रुव द्वारा प्रधानपाठक पदोन्नति की प्रगति की जानकारी दी गई।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष लुकेशराम साहू द्वारा फेडरेशन की गतिविधियों को प्रकाश में लाते हुए संगठन द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी के साथ आगामी रणनीति से सदस्यों को अवगत कराया गया। ब्लॉक प्रवक्ता रामेश्वर साहू ने संगठन की एकता और एकजुटता के लिए सभी संकुल अध्यक्षों एवं सभी पदाधिकारी को सक्रिय रूप से सहयोग व समस्याओं के निराकरण के लिए अपील की । बैठक में सहायक शिक्षक फेडरेशन के समस्त सदस्यों को अपने संकुल अध्यक्ष के पास आगामी एक सप्ताह के भीतर अपना क्रमोन्नति अभ्यावेदन पूरी जानकारी के साथ एकत्रित करने के साथ ही संगठन की सदस्यता शुल्क ऑनलाइन ऑफलाइन किसी भी उचित माध्यम से जमा करने की जानकारी दी गई। आगामी बैठक में संगठन के पुनर्गठन एवं कार्यकारिणी विस्तार करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, जिलाध्यक्ष दौलत ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, ब्लॉक कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे, सहसचिव शंकरदास मानिकपुरी, ब्लॉक प्रवक्ता रामेश्वर साहू, संगठन मंत्री छत्रसेन साहू, नोहर साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिप्रा कन्नोजे, दरबा जोन प्रभारी शकुन कंवर, कुरूद जोन प्रभारी चेतनलाल साहू, सरस्वती सिन्हा, वंदना पटेल, संकुल अध्यक्षगण प्रदीप सोनबेर, मदन चंद्राकर, गोपालसिंह ठाकुर, प्रदीप साहू, दोषण साहू, खेमचंद देशलहरे, प्रदीप साहू, राजेंद्र कश्यप, अभिषेक सिंह, लेखराम साहू, शशिभूषण जांगडे, धर्मराज ध्रुव, रिखीराम तारक, गुमानसिंह साहू, झगरूराम ध्रुव, व्यासनारायण सर्वांकर उपस्थित थे।

**कहा : प्रसाद सिर्फ आहार नहीं है, यह हमारी आस्था से भी जुड़ा हुआ है**

# तिरुपति लड्डू प्रसाद को लेकर भड़के रामस्वरूपाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर विवाद का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच मिलावटी प्रसाद मामले पर जगतगुरु रामस्वरूपचार्य महाराज भड़के हुए हैं। जगतगुरु ने कहा कि तिरुपति मंदिर के प्रसाद मिलावट मामले में आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी सहित अन्य आरोपियों को सजा दी जाए।

गौरतलब है कि ग्राम छाती में 26 सितंबर से कादमगिरी के जगतगुरु राम स्वरूपचार्य महाराज का निरंतर पांच दिवसीय श्रीराम कथा आयोजित है। उन्होंने गंगा घाट में केंवट की भक्ति का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भक्ति सच्ची हो तो भगवान का दर्शन रूपी प्रसाद अवश्य मिलता है। उन्होंने प्रसाद व तिरुपति मंदिर का जिक्र कर कहा कि प्रसाद सिर्फ आहार नहीं है। इसमें हमारी आस्था से जुड़ा हुआ है। गलत तेल का उपयोग कर ऐसे लोगों ने हमारी धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। सनातन धर्म को नष्ट करने का प्रयास है, ऐसा हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

जगतगुरु ने पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी पर आरोप लगाया कि वह एक विशेष समुदाय के लिए काम कर रहे हैं। सनातन धर्म को नष्ट करने के लिए षड्यंत्र रचा गया है। मंदिरों को सरकारी तंत्र से मुक्त



करने का समय आ गया है। इसके लिए भाला उठाना पड़े तो उठाना चाहिए।

### सद्गुरुओं के सानिध्य से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है

श्रवण करने पहुंची जिपं सभापति तारिणी नीलम चन्द्राकर ने कहा कि जीवन की सार्थकता के लिए आध्यात्म व धर्म का अनुसरण बहुत जरूरी है। श्रीराम कथा आदर्श पथ पर चलने की प्रेरणा देती है। अहमियत को दर्शाती है। वहीं दूसरी ओर जात-पात के भेदभाव को मिटाकर मानव मात्र में सौहार्द की भावना जगाती है। श्रीराम कथा से मन को शांति मिलती है। वहीं सद्गुरुओं के शरण में आने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगता है।

कथा श्रवण करने पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर, संतोष साहू, पलटन साहू, भोजराम साहू, तोरण साहू, चेतन साहू, मोती यदु, गोवर्धन साहू, विनोद यदु, सुरेश महावर, महेश्वरी चंद्राकर, विमला चंद्राकर, रुक्मिणी चंद्राकर, दशमत साहू, शकुन सेन, त्रिवेणी नेताम, अनुसुइया ध्रुव, रमाकांत चंद्राकर, बसंत,भरत, कोदू राजेन्द्र चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर राम, साहू सहित हजारों भक्त मौजूद थे।

# केरेमुड़ा में नाली निर्माण का भूमिपूजन



**नगरी।** कौहाबाहरा पंचायत के आश्रित ग्राम केरेमुड़ा में नाली निर्माण का भूमिपूजन किया गया। मौके पर सरपंच शिवप्रसाद नेताम, जनपद सदस्य बंशीलाल सोरी, रामप्रसाद मरकाम, करण मंडावी, इंदल मरकाम, सियाराम, बली मंडावी, ग्रामीण अध्यक्ष समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

श्रीमद् भागवत कथा : श्रद्धालुओं ने सुनी कृष्ण-रुक्मणि विवाह की कथा

# जब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है : रामप्रताप शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







रुद्री में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के छटवें दिन कथा व्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए कहा कि रास तो जीव का परमात्मा के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया लेकिन वह भगवान को पराजित नहीं कर पाया। उसे ही परास्त होना पड़ा है। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए श्री शास्त्री ने कहा कि जब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते हैं। उसे दर्शन देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मणि के साथ हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नहीं तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वतः ही प्राप्त हो जाती है।

कथा सुनने नरेन्द्र साहू, दीनदयाल, कौशल साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, डीपेंद्र साहू, अवनेंद्र साहू, गोपाल साहू, नंदखखा साहू, मानिक साहू, उमेश साहू, गोविंद साहू, गुमान सिन्हा, विशाखाकुमार साहू, तामेश्वर साहू, सीताराम, दुजराम सिन्हा, रेखलाल, रेखूराम, चूरण लाल, जेठल देवांगन, दिलीप राज जगदालिया, मुरलीधर अग्रवाल, भारत सोनी, सियाराम साहू, नीरज नाहर, अजय साहू, सुनील साहू, भूपेंद्र साहू, माधवेंद्र हिरवानी, अर्चना साहू, माया साहू, मनीषा साहू, गुंजा साहू, लता साहू उपस्थित थे।

# गोजी में 110 वर्ष से रामधुनी की परंपरा

■ रामधुनी प्रतियोगिता में ख्यातिनाम मंडलियां दे रहीं प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री





ग्राम गोजी में ग्रामीणों के सहयोग से अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया गया है। 29 सितंबर को दीप प्रज्वलन के साथ आयोजन की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि थानेश्वर तारक सरपंच गोजी थे। अध्यक्षता कृष्णकुमार साहू उपसरपंच ने की। प्रथम दिवस रामधुनी झांकी, गायन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी जिसे देखने दर्शकों की भीड़ रही। प्रथम दिवस जय मां खल्लारी रामधुनी मंडली कोसमर्रा, नव जागृति रामधुनी मंडली सिरसिदा कुरूद ,जय मां दंतेश्वरी रामधुनी मंडली नगरपंचायत आमदी की प्रस्तुति रही। 1 अक्टूबर को सरगम रामधुनी मंडली धरमपुरा रायपुर, जय श्री कृष्ण रामधुनी मंडली अरौद, जय श्री राम रामधुनी मंडली टेलावाट चारामा, जय गढ़िया बाबा रामधुनी मंडली कंवर बालोद, जय मां दंतेश्वरी रामधुनी मंडली सिंधौरीकला, मारुति नंदन रामधुनी मंडली कोरगांव की प्रस्तुति होगी। 2 अक्टूबर को दाई के दुलार रामधुनी मंडली कन्हारपुरी बालोद ,मनमोहन रामधुनी मंडली सोहतरा बालोद, जागृति रामधुनी मंडली असोगा पाटन, जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली बंजारी, जय श्री गणेश रामधुनी मंडली भटगांव धमतरी अपनी मनोरम प्रस्तुति देगी। इंदु साहू जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष ने बताया कि रामधुनी आयोजन की यह परंपरा 110 वर्षों से लगातार चली आ रही है। कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष बरातूराम गंगोई, उपाध्यक्ष उमेश, वासुदेव साहू, बिशेलाल साहू, सचिव देवलाल पाल, कोषाध्यक्ष संजय साहू, संरक्षक धनसिंग साहू, हेमलाल साहू, गोविंद साहू, रामनाथ साहू, ठाकुरराम साहू, तुकाराम साहू, इन्द्रनारायण साहू, माखन साहू, मोहन साहू, पुखराज साहू, शंकर साहू का विशेष सहयोग मिल रहा है।

# कार्यकर्ताओं से ही है पार्टी की मजबूती : अजय

■ सदस्यता अभियान के तहत संकरी में 21 कांग्रेसियों ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत ग्राम संकरी में 30 सितंबर को क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने शिरकत की। जहां पर संकरी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने 652 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई है। मिली जानकारी के अनुसार विधायक श्री चंद्राकर द्वारा कुल 800 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया हुआ है। इसके साथ ही भाजपा की विचारधारा एवं कुरूद विधायक की विकासपरक सोच एवं व्यक्तित्व से प्रभावित होकर संकरी के 21 कांग्रेसियों ने मौके पर ही भाजपा का दामन थामा जिसमें विष्णुराम साहू, ललित साहू पंच, ताराबाई पंच, पूर्णिमा बाई पंच, तीजनबाई पंच, चंद्रकला पंच, नेतराम साहू, तुलसी विश्वकर्मा, भानसिंह साहू, यादुरम ध्रुव, योगेश साहू, दिलेश्वर साहू, बिसेलाल साहू, गीतकुमार, सुजीतकुमार, महेंद्र हिरवानी, डोमन साहू, दौलतराम, मंगलूराम, मनोहरराम शामिल है। सभी को विधायक ने गमछा पहनाकर सम्मान के साथ बीजेपी की पार्टी में प्रवेश दिलाया और उसकी रीति नीति में काम करने की बात कही।

मौके पर विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही पार्टी चलती है और उनसे ही पार्टी की मजबूती है। भारत को विश्व गुरु बनाना है और अखंड भारत के निर्माण में हम सबको योगदान देना है। बीजेपी की सरकार बनते ही विकास कार्यों में तेजी आई है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास के लिए निरंतर तत्पर है। मौके पर गौकरण साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र साहू, देवेंद्र साहू कोषाध्यक्ष, टकेश्वर चंद्राकर सिवनीकला, थानेश्वर तारक सरपंच गोजी, नरेंद्र ध्रुवंशी खर्रा, मुन्नालाल साहू, जयमित्र, कन्हैया साहू, राधेलाल साहू, इंद्रनारायण साहू, राजेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष, गज्जू साहू, पिंटू सेन युवा मोर्चा अध्यक्ष, रामखिलावन साहू, पवन कुमार, भगवानी राम, दीनदयाल, महेंद्र साहू, शिवराम, देवेंद्र साहू, सुदर्शन साहू, योगेंद्र, हस्तकुमार, संतोष कुमार, रामकृष्ण, रामनाथ, रामदयाल, इतवारी, डोमन, घासिया, दशवंत, कलीराम, मंगलू, प्रेमलता महिला मोर्चा अध्यक्ष रुक्मणि साहू, गायत्री बाई लक्ष्वंतीन बाई समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# 6 से 10 अक्टूबर तक होगा ब्रम्ह गरबा महोत्सव

■ आयोजन को लेकर महिला व युवा मंच में अपार उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ब्राम्हण समाज महिला मंच व युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में नवरात्रि पर ब्रम्ह गरबा नाइट का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पांच दिवसीय ब्रम्ह गरबा महोत्सव की रूपरेखा तैयार की गई है। 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक रोजाना रात्रि 7 से 10 बजे तक गरबा का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रथम दिवस छत्तीसगढ़ी परिधान, द्वितीय दिवस दूल्हा-दुल्हन, तृतीय दिवस फैंसी ड्रेस, चतुर्थ दिवस गुजराती परिधान, पंचम दिवस घाघरा चोली परिधान निर्धारित किया गया है। छटवें दिन सुबह 11 बजे विशाल कन्या भोज व सुहागिन पूजन का कार्यक्रम होगा। सभी कार्यक्रम स्थानीय किले के श्रीराम मंदिर प्रांगण इतवारी बाजार धमतरी में होंगे। समाज द्वारा गरबा का निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है जहां बड़ी संख्या में समाजजन भाग ले रहे हैं । कार्यक्रम में रोजाना अलग-अलग क्षेत्र में ख्याति प्राप्त वरिष्ठ जनों को अतिथि बनाया गया है। महिला मंच व युवा मंच की टीम आयोजन को सफल बनाने में जुटी है। आयोजकों का कहना है कि महिला वर्ग को नवरात्रि का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। गरबा के माध्यम से अपने समाज व परिवार के बीच माता की भक्ति में झूमने का आनंद प्राप्त होता है। वहीं ऐसे आयोजन से समाज में छिपी कई प्रतिभाओं को मंच मिलता है।

# रासेयो से होता है छात्रों का सर्वांगीण विकास : निरंजन



■ खरेंगा स्कूल में मनाया गया रासेयो का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा के छात्रों द्वारा ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना निरंजन साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि हिरेंद्र कुमार साहू, तामेश्वर साहू सामाजिक कार्यकर्ता, दिलीप साहू पूर्व सैनिक, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र थे। इस अवसर पर निरंजन साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल लक्ष्य है समाज की सेवा करना और स्वयंसेवकों का चरित्र का निर्माण करना है। समाज सेवा द्वारा शिक्षा, शिक्षा द्वारा समाज सेवा ही हमारा लक्ष्य है और इसी लक्ष्य को लेकर स्वामी विवेकानंद को आदर्श मानकर स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं। हिरेन्द्र साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सेवा, समर्पण, त्याग एवं देश प्रेम की भाव जगाने का काम करती है। तामेश्वर साहू ने कहा कि राष्ट्र के एवं छात्रों के चरित्र निर्माण का सबसे अच्छा माध्यम एनएसएस होता है। दिलीप साहू ने कहा कि देश प्रेम और सेवा का तालमेल का नाम ही राष्ट्रीय सेवा योजना है। कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र ने भी अपने विचार रखे।

# प्राथमिक शाला खरतुली के बच्चों को वृक्ष मित्र पाण्डेय ने दिया गिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्राथमिक शाला खरतुली के प्रार्थना सभा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रार्थना सभा के गतिविधियों के अवलोकन के लिए नित्य पालकगण, गांव के गणमान्यजन, समाजसेवी, शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि सम्मिलित होते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को शत्रुघन पाण्डेय सेवानिवृत उप निरीक्षक, संतोष साहू सेवानिवृत उप निरीक्षक एवं संतोष साहू सेवा निवृत्त उपनिरीक्षक धमतरी सम्मिलित हुए।

विद्यालय के प्रधानपाठक दीनबंधु सिन्हा के मार्गदर्शन में नित्य अलग अलग बच्चे प्रार्थना सभा का संचालन करते हैं। प्रार्थना सभा के गतिविधियों में ब्रम्हनाद, भ्रामरी प्रणायाम, गायत्री मंत्र, संस्कृत में सरस्वती वंदना, कल्याण मंत्र के पश्चात विचार, नकली टी वी के माध्यम से समाचार, चार भाषाओं में परिचय हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, छत्तीसगढ़ी, अंगेजी में वार्तालाप व अंग्रेजी में सामान्य ज्ञान, प्रार्थना सभा का बच्चे प्रदर्शन करते हैं। उनका अनुशासन देखते ही बनता है। इन सभी गतिविधियों से प्रभावित होकर शत्रुघन पाण्डेय ने विद्यालय के बच्चों को कॉपी, पेन, बिस्किट के पैकेट, चॉकलेट प्रदान किये। साथ ही विद्यालय को गोद लेने की बात कही। उन्होंने बच्चों को पढ़ने और भविष्य गढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार से राजेश्वरी ठाकुर, तारकेश्वरी सोनबेर, कल्याणी ठाकुर, कंचन धुरन्धर, रसोइया ललिता यादव, ओमेश्वरी मेश्राम उपस्थित थे।

# आजादी के दीवाने थे 'भगत सिंह'



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहीद भगत सिंह की जयंती पर आमापारा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, मीना बैगा नाग, हाशमी सहित वार्ड वासियों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर ने शहीद भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड ने भगत सिंह के बाल मन पर बड़ा गहरा प्रभाव डाला। भगत सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर क्रांतिकारी संगठन तैयार किया। लाहौर षड्यंत्र मामले में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा सुनाई गई। 23 मार्च 1931 को उन्हें फांसी दी गई। तीनों ने हंसते-हंसते देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने अनेक लेख भी लिखे थे।

श्री ठाकुर ने आगे कहा कि शहीद भगत सिंह आजादी के दीवाने थे। उनके हर कार्य में उसके वीर, धीर और निर्भय होने का आभास मिलता था। भगतसिंह ने अपने आलेख में ईश्वर के बारे में अनेक तर्क किए हैं। उन्होंने सामाजिक परिस्थितियों का भी विश्लेषण किया है। एमआईसी सदस्य राजेश पांडे ने वीर शहीद को याद करते हुए कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर देश की आजादी के लिए ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। एसेम्बली मे बम फेंककर उन्होंने भागने से मना कर दिया। भगतसिंह ऐसे वीर योद्धा थे।

## गट्टासिल्ली में स्वच्छता अभियान चला

**नगरी।** स्वच्छता ही सेवा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत दिलीप बिल्डकान लिमिटेड कम्पनी भारतमाला सड़क योजना की ओर से गट्टासिल्ली में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव के बाजार व चौक चौराहों की साफ-सफाई की गई। मौके पर संजीव कुमार सिंह सीनियर मैनेजर, उमेश कुमार सुरक्षा प्रबंधक, अरविंद यादव, अमिला सामरथ सरपंच गट्टासिल्ली व थाना प्रभारी दुगली मौजूद थे।

## युवाओं ने की भोलेनाथ की आरती



**धमतरी।** रुद्री महादेव घाट पर प्रति सोमवार फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के छात्रों के द्वारा भगवान भोलेनाथ की आरती की जाती है। 30 सितंबर को छात्रों ने पुलिस, आर्मी भर्ती के लिए खूब पसीना बहाया फिर आरती गाकर और मंजीरा बजाकर भोलेनाथ की आरती की।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### दानीटोला वार्ड में नशा उन्मूलन रैली निकली




**धमतरी।** दानीटोला वार्ड में अखिल विश्व गायत्री परिवार दानीटोला इकाई गोकुलपुर द्वारा नशा उन्मूलन रैली भक्तिन गुड़ी चौरा से मुख्य गली होते हुए स्कूल चौक दानीटोला तक निकाली गई। इस अवसर पर गोकुलपुर इकाई समन्वयक गजानंद साहू ने नशापान के घातक कुप्रभाव पर प्रकाश डालते हुए नशा न करने की अपील की। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ कौशल प्रसाद ने इसके दुष्प्रभाव को बताया। उन्होंने लोगों से आत्म कल्याण, विश्व कल्याण के लिए नशामुक्त जीवन शैली अपनाने की अपील की। मौके पर माखन लाल साहू, प्रदीप साहू, शेखन लाल साहू, भुवनेश्वर देवांगन, राज कुमार साहू, हिरेंद्र साहू, अज्जू देशलहरे वार्ड पार्षद, लक्ष्मी साहू, प्रमिला साहू, यशोदा साहू, लोकेश्वरी ध्रुव, तुलसी साहू समेत गायत्री शक्ति पीठ के सदस्य व वार्डवासी उपस्थित थे।

### पितृपक्ष में अपने पूर्वजों की स्मृति में पेड़ लगाना बहुत पुण्य का कार्य : गोविंद



**अंवरी।** पितृपक्ष नवमीं के पावन पर्व पर ग्राम गुजरा में पूर्वजों एवं माताओं की स्मृति एवं श्राद्ध में पौधारोपण किया गया जिसमें ग्राम गुजरा के तालाब पार में नीम, कदम्ब, पूजा सुपारी आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रकृति प्रेमी क्षेत्र के जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू ने कहा कि अपने पूर्वजों की स्मृति में कीर्ति स्मारक बनाते है जिसमें काफी खर्च आता है और धीरे-धीरे इसका महत्व भी कम हो जाता है। आवश्यक संरक्षण न मिले तो टूट कर खंडहर हो जाता है। इस दृष्टि से वृक्षों के कीर्ति स्तंभ अधिक सुंदर हो सकते है इसमें खर्च भी कम होता है। अपने पूर्वजों की स्मृति में पेड़ लगाना बहुत ही सरल व आसान कार्य है और बहुत पुण्य का कार्य है। श्री साहू ने लोगों से अपील की है कि अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधे अवश्य लगाएं और उसे देखरेख कर तैयार करें। जो अपने स्वर्गीय पूर्वजों के लिए एक अच्छा श्राद्ध के रूप में यादगार रहेगा तथा लोगों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। इस पौधारोपण के कार्य में प्रमुख रूप से गुजरा गायत्री परिवार प्रमुख रेखराम साहू,प्रहलाद साहू,मनहरण गंजीर,वृक्षमित्र चुरण लाल साहू, मुनीराम निषाद, रामगुलाल ध्रुव, रेवाराम साहू उपस्थित रहे।

### सदस्यता अभियान में ग्रामीणों ने रखी मांगें



**नगरी।** कौहाबाहरा में सदस्य अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों ने शीतला मंदिर में डोम शेड भवन, कलश स्थापना भवन और शीतलापारा में सामुदायिक भवन की मांग रखी। मौके पर महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री पिंकी शाह, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, कुकरेल मंडल अध्यक्ष वामन साहू, जिपं सदस्य अनीता ध्रुव, जिला संयोजक एवं महामंत्री नागेंद्र शुक्ल, मंडल प्रभारी विकल गुप्ता, कुकरेल महामंत्री अजय यादव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ईश्वरी नेताम, चंपेश्वरी साहू, ग्रामीण अध्यक्ष पंचुराम नेताम, गायता संतोष मरकाम, परऊराम यादव, प्रेमसिंह मरकाम, जोगीराज टेकाम, भूषण मरकाम, राजेश जुर्री, खिरभान मरकाम, तामेश नेताम, विनोद नेताम, मंताराम नेताम, प्रेम मरकाम, गंगाराम मरकाम उपस्थित थे।

### सांकेतिक भाषा दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता



**धमतरी।** हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय (बधिर) सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया। अधीक्षक शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय श्रीमती उमा देवांगन ने बताया कि यह दिन बधिर समुदाय की भाषा और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और सुरक्षित रखने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर संस्था में अध्ययनरत श्रवण बाधित बालिकाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि गतिविधियां आयोजित की गई। अधीक्षका ने अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### अहिल्याबाई होलकर के विचारों से कराया रूबरू




**धमतरी।** अहिल्याबाई होलकर के विचारों को उनके कार्यों को समाज तक पहुंचाने के लिए उनकी 300 वीं जयंती पर शताब्दी वर्ष पूरे भारतवर्ष में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में जिले में आयोजन समिति का गठन स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। बैठक में आयोजन समिति के प्रांतीय सचिव प्रशांत पांडे ने अहिल्याबाई के विचारों एवं कार्यों से लोगों को अवगत कराया साथ ही समिति के कार्यकारिणी का गठन कर इसकी घोषणा की। बैठक में विभाग सह कार्यवाह घनश्याम साहू, जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में नगरी, मगरलोड, मेघा, धमतरी नगर से 60 लोग उपस्थित थे।

■ 300 वें जन्म शताब्दी समारोह को लेकर आयोजन समिति का गठन

### पीएम आवास के हितग्राहियों का हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**नगरी।** ग्राम पंचायत दुगली एवं केकती सेंटर दुगली एवं कृषि उपज मण्डी नगरी में वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हितग्राहियों को 1.20 लाख रूपये दिया जाना है।

**खबर संक्षेप**

## छाती में रामधुनी सम्मेलन जारी

**पुरी।** ग्राम छाती के बाजार चौक में 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रामधुनी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्वलन एवं शुभारंभ मुख्य अतिथि राकेश देवांगन सरपंच छाती ने किया। अध्यक्षता कमलेश चंद्राकर उपसरपंच छाती ने की। विशिष्ट अतिथि ओंकार पटेल क्रीड़ा शिक्षक, विजय गायकवाड़ जनपद सदस्य धमतरी, राजकुमारी कंवर, नरोत्तम साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज छाती थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि तुलाराम साहू छाती होंगे। अध्यक्षता सुरेन्द्र चंद्राकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि नरसिंग चंद्राकर, रामप्रसाद धनकर, रमेश यादव पूर्व उपसरपंच होंगे।

## नुक्कड़ नाटक से छात्र देंगे गांधीजी का संदेश

- अज़ीम प्रेमजी हाईस्कूल में 2 को स्वच्छता जागरुकता रैली निकलेगी

**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह स्थित अजीम प्रेमजी हाईस्कूल में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर स्वच्छता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया है। विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली के माध्यम से गांधीजी के स्वच्छता संबंधी संदेश को ग्रामीण जन तक पहुंचाना जागरूकता रैली का उद्देश्य है। विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त भारत के संदेश से ग्रामीण जनों को अवगत कराया जाएगा। नुक्कड़ नाटक से प्लास्टिक से पर्यावरण को हो रहे नुकसान को दिखाकर लोगों को जागरूक किया जायेगा। स्वच्छता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पालकों के लिए कला प्रदर्शनी और हस्तशिल्प प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है। कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा कक्षा के दौरान बनाई गई कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## झांकी में मथुराडीह व नृत्य में गुदगुदा की मंडली अव्वल रही

**धमतरी।** ग्राम परसुली में तीन द्विवसीय अखंड रामधुनी का समापन हुआ। यहां दूरदराज की लगभग 17 रामधुनी मंडली की प्रस्तुति हुई। झांकी पक्ष में प्रथम रामधुनी मंडली मथुराडीह, द्वितीय रामधुनी मंडली बकली, तृतीय रामधुनी मंडली नरहरपुर व नृत्य पक्ष से प्रथम छत्तीसगढ़ रामधुनी मंडली गुदगुदा, द्वितीय जय दुर्गे रामधुनी मंडली सुपेला, तृतीय भगवती रामधुनी मंडली कुर्रा ने बाजी मारी। समापन अवसर पर पर पहुंचे सरपंच धनसाय साहू ने इस आयोजन की प्रशंसा की। मौके पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद, मेघनाथ साहू, तोरण निषाद, भैय्यालाल साहू, धनवा महिलांगे, चित्रसेन निषाद, मेघनाथ भंडारी, नारायण साहू, तोरण लाल ध्रुव, प्रेमू चन्द्रवंशी, कृष्ण कुमार साहू, लखन सोनवानी, मुकेश ध्रुव उपस्थित थे । मंच संचालन डां. चंद्रकांत साहू, जयलाल लेजवार व आभार प्रदर्शन टी. निषाद ने किया।

## पीएम आवास के हितग्राहियों का हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**नगरी।** ग्राम पंचायत दुगली एवं केकती सेंटर दुगली एवं कृषि उपज मण्डी नगरी में वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हितग्राहियों को 1.20 लाख रूपये दिया जाना है। प्रगति के आधार पर 3 किस्त मिलने, 90 दिवस की मानव मजदूरी, हितग्राहियों को सामग्री की उपलब्धता एवं गुणवत्तायुक्त आवास निर्माण की जानकारी दी गई। मौके पर आवास शाखा प्रभारी आधिकारी मिश्री लाल गौर, तकनीकी सहायक कुंदन देवांगन समेत आसपास के गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे। प्रभारी आधिकारी मिश्रीलाल गौर ने प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृत हितग्राहियों को किस तरह अपने आवास को बनाना है, इसके बारे में जानकारी दी। हितग्राहियों को अपने आवास के काम को पुनः चालू करने कहा।

### बलियारा का कारनामा : ग्रामीणों ने सरपंच सहित ग्राम विकास समिति के खिलाफ की जनदर्शन में शिकायत

# चार डिसमिल जमीन बेचा पांच हजार रुपए में

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में अनेक संवेदनशील मसलों पर सामूहिक शिकायत की गई है। बलियारा सरपंच तथा ग्राम विकास समिति पर घास जमीन बेचने का आरोप, करेलीबड़ी के ग्रामीणों ने गांव के पात्र गरीबों को छोड़कर बाहरी झोलाछाप डाक्टर को पीएम आवास दिलाने, नदी किनारे गांव मुड़पार में पेयजल संकट, नहरनाला चौक में धूल से लोगों को निजात दिलाने आदि समस्या प्रमुखता से उठाई गई है।

धमतरी तहसील के ग्राम बलियारा से कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर कहा है कि ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति पंचायत प्रस्ताव में आबादी घोषित किए बिना शासकीय भूमि को बेच रही है। जिसमें प्रत्येक परिवार के मुखिया के हिसाब से 4 डिसमिल जमीन को 5 हजार रूपये में बिक्री किया है। इसकी अनुमानित संख्या 80 से 100 है। राशि ग्रामीण सचिव एवं एक अन्य व्यक्ति के पास जमा कराई गई है।


ग्राम बलियारा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा

सरपंच एवं ग्राम समिति ने फर्जी नोटिस दिया है जिसमें गांव का उल्लेख नहीं है तथा जारीकर्ता की सील मुहर भी नहीं है। नोटिस में तीन दिनों के अंदर बाड़ी ब्यारा का तार कांटा एवं अन्य घेरा हटाने को कहा गया है। नहीं हटाने की स्थिति में धन माल के नुकसान की जिम्मेदारी स्वयं सहने को कहा गया है। सरपंच एवं समिति द्वारा कोविड महामारी में लाकडाउन के दौरान घर -घर जाकर जमीन का निरीक्षण कर लोगों से सहमति पत्र में हस्ताक्षर कराकर ग्रामीणों को फंसाया गया है। ग्राम पंचायत के कराधान का उपयोग ग्राम समिति द्वारा किया जाना, शासकीय जमीन पर लगे पेड़ पौधों की नीलामी गैर शासकीय रुप से की गई है। तालाब गहरीकरण के नाम से मिट्टी को बेचा गया है। बलियारा में हो रहे अनुचित कार्यों की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। शिकायतकर्ताओं में प्रमुख रूप से पंच प्रतापसिंह साहू, नारायण दास, अशोक मारकंडे, राजू सतनामी, यशवंत, दिलीप, कृष्णा जांगड़े, दिनेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पात्र को नसीब नहीं, कलकत्ता के डाक्टर को पीएम आवास स्वीकृत



मगरलोड ब्लाक के ग्राम बड़ीकरेली निवासी पवनकुमार सिन्हा ने कलेक्टर से शिकायत की है कि 10 हजार की आबादी वाले गांव बड़ी करेली में गरीब और पात्र व्यक्ति को पीएम आवास दिलाने के बदले कोलकता से आए झोलाछाप डाक्टर को पीएम आवास की मेहरबानी की गई है। गांव में सैकड़ों व्यक्ति पीएम आवास योजना के पात्र हैं, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा गरीबों का हक छीना जा रहा है। उक्त डाक्टर ने दो मंजिला मकान बनाया है। बावजूद पैसे के बल पर पीएम आवास योजना में अपना नाम स्वीकृत करा लिया है। डाक्टर को किस दस्तावेज के आधार पर योजना का लाभ दिलाया गया है, उसकी उचित जांच कर पात्रों को आवास दिलाने की मांग की गई है।

### नदी किनारे के गांव शकरवारा में पेयजल संकट


पंचायत चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

महानदी किनारे बसा ग्राम शकरवारा पेयजल संकट से जूझ रहा है। कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीण गायत्री सिन्हा, रमेश विश्वकर्मा, शांतिबाई, नीलिमा, विशाखा, अनुसुईया आदि ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि मुड़पार पंचायत के आश्रित ग्राम शकरवारा में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी तथा पाइपलाइन बिछाई गई है। लेकिन विगत आठ माह से पेयजल की सप्लाई नहीं हो रहा है। इससे ग्रामीणों को पेयजल की गंभीर संकट से जूझना पड़ रहा है। सरपंच से कई बार आवेदन निवेदन कर चुके हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि सात दिवस के अंदर पेयजल संकट दूर नहीं किया जाता है तो पंचायत चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

## कॉम्पटेक कालेज में नए छात्रों का हुआ वेलकम




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कॉम्पटेक महाविद्यालय में नए छात्र-छात्राओं के लिए वेलकम कार्यक्रम रखा गया। मां सरस्वती की आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिस फ्रेशर, मिस्टर फ्रेशर, मिस परफॉर्मर और मिस्टर परफॉर्मर का चुनाव किया गया। मिस्टर बेस्ट लुक विकास सोनकर, मिस्टर बेस्ट परफॉर्मेंस-सकलैन कुरैशी, मिस्टर फ्रेशर कुणाल बघेल, मिस बेस्ट लुक पूजा, मिस बेस्ट परफॉर्मेंस मुस्कान, मिस फ्रेशर नम्रता ठाकुर रही। कार्यक्रम में 170 विद्यार्थियों ने 40 विभिन्न गीत, एकल डांस, समूह डांस एवं स्टेज परफॉर्मेंस प्रस्तुत किए। भूषण निषाद, भारती यादव, प्रशांत देवांगन, मयंक पदमवार, प्रशांत साहू, देशमुख यादव, उदित नारायण जोशी, मुकेश, अलका फूटान, हरिशंकर, शिवशंकर नाग का कार्यक्रम में अहम योगदान दिया। स्टेज एंकरिंग ओम थवाईत ने की। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. आशीष नामदेव ने विद्यार्थियों की मेहनत और लगन को सराहा। मौके पर प्रोफेसर डॉ. रीना नामदेव, संजय जगताप, केदारसिंह साहू, मनीष यादव, सीमा सोनी, शशि साहू, भुजेश मंडावी समेत अन्य मौजूद रहे।

## भरारी में सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण

- विष्णुदेव सरकार में सभी काम हो रहे सांय-सांय : रामू
- भाजपा विकास के पर्याय का दूसरा नाम : उमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम भरारी में सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जबसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तबसे लोग सुकून की सांस लेने लगे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश की बहनों के खाते में 1000 प्रति माह समय से डाल देते हैं जिससे घर रसोई चलाने में सुविधा हो रही है।

किसानों से भी सरकार 3100 रुपए में धान खरीदी कर समय से पैसा दे रही है। छत्तीसगढ़ में गरीबों की बड़ी चिंता घर की थी। वह अब विष्णुदेव सरकार में पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होकर बनने का कार्य चालू हो गया है। 5 साल के भीतर विकास की कोई कमी नहीं रहेगी। विष्णुदेव सरकार में सभी काम सांय-सांय हो रहा है और आगे भी होता रहेगा।

अध्यक्षता कर रहे भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में विकास के लिए चिंता करने की आवश्यकता छत्तीसगढ़ वासियों को कभी नहीं पड़ी। रमन सिंह के 15 वर्ष के विकास को सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरा देश देखा है। इस बार भी छत्तीसगढ़ में विकास की कमी नहीं हो रही है। भारतीय जनता पार्टी विकास का पर्याय है। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ अधोसंरचना का विकास ही नहीं बल्कि क्षेत्र के युवाओं के अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना भी डालती है जिससे एक संस्कारवान समाज का निर्माण हो सके और एक अच्छे नागरिक बनकर नागरिक कर्तव्य का पालन कर सके। मौके पर अर्जुन सोनकर, तुलाराम सोनकर, वेदराम यादव, वेदराम निषाद, लीलेश्वर, संतोष निषाद, खुमान निषाद, परमेश्वरी यादव, प्रियंका निषाद, अशोक कुमार, सुहागा बाई ध्रुव उपस्थित थे।

## भगवान राम का जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है : कविता



- तुमराबहार की रामधुनी प्रतियोगिता में शामिल हुईं जिपं सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम तुमराबहार में ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत वन समिति सभापति कविता योगेश बाबर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर श्रीमती बाबर ने कहा कि प्रभु रामचंद्र का जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने जीवन में सभी जीवों के प्रति सेवा एवं दया का भाव प्रदर्शित किया। मर्यादापूर्वक जीवन जीते हुए ही मानव समाज को शांति एवं सद्भाव का संदेश दिया। मनुष्य तन प्राप्त होने पर जीवन ऐसा जीना चाहिए। सदा परमार्थ एवं सेवा के रास्ते पर चलते हुए सभी जीवों के लिए कल्याण का कार्य करना चाहिए। अच्छाई को धारण कर बुराई को जड़ से नष्ट करना ही मनुष्य जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। मौके पर सरपंच धनबाई कुर्रे, उपसरपंच परमात्मा, अरुण कुमार उईके, भोज राम ध्रुव, बीरबल राम, संत राम नेताम, दीपक ध्रुव समेत आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कबड्डी सामूहिक युद्ध से बचने का सफल अभ्यास है : ओंकार



- अंगारा में राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम अंगारा में राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन अंगारमोती कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ धमतरी विधायक ओंकार साहू व सिहावा विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम ने किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि कबड्डी की शुरुआत कब से हुई यह कहना कठिन है। कुछ लोगों का कहना है कि अर्जुन का पुत्र अभिमन्यु सात योद्धाओं से लड़ रहा था जिसे महाभारत में चक्रव्यूह की घटना कहते हैं। यहां से भी इसकी शुरुआत मानी जाती है। आगे कहा कि कबड्डी सामूहिक युद्ध से बचने का एक सफल अभ्यास है। सिहावा विधायक श्रीमती मरकाम ने कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है।

मौके पर दयाराम साहू जिला सचिव कांग्रेस कमेटी, भेवेन्द्र साहू उपसरपंच, भीमदेव साहू सरपंच प्रतिनिधि, गैंदलाल गैंगबेर, धर्मेंद्र पटेल, नोहर साहू, एकनाथ साहू, प्रकश ध्रुव, सोहन साहू, कोमल साहू , सैनदास रजक, यादराम साहू, बहुर यादव, मोहन साहू, लोकेश्वर ध्रुव, डोमन साहू, टिकेश्वर साहू, नितीश कुमार, लेखराज साहू, मोहन लाल, मोहित साहू, गौकरण, योगेश, नामसिंह, मिलाप ध्रुव, खुमान साहू, डिकेश साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सनातन धर्म को समझने के लिए धार्मिक स्थल का भ्रमण करें

- लोहरसी में तीन दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पुष्पांजलि मानस मंडली एवं रामधुनी मंडली द्वारा ग्राम लोहरसी में तीन दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर ने सनातन धर्म पर प्रकाश डाला।

कहा कि सनातन धर्म को समझने के लिए इतिहास को देखना और पढ़ना चाहिए। भारत के सभी बारह ज्योतिर्लिंग, चारों धाम और जितने भी ऐतिहासिक धार्मिक स्थल हैं उनको एक बार अवश्य देखें। आगे कहा कि रामधुनी, रामायण, भागवत कथा ही हिंदू समाज को संरक्षित और संवर्धित करके रखी है। समाजसेवी मोहन साहू ने कुटुंब के महत्व, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य बोध और स्वदेशी, स्वभाषा, संस्कृति के महत्व को बताया। कहा कि आज पारिवारिक संतुलन बिगड़ रहा है। हम सब दिन में एक बार का भोजन सामूहिक करें। इससे अपनापन बढ़ेगा। गांव की स्वच्छता, स्वस्थ पर्यावरण के लिए सहयोग करें। अपने गांव को तीर्थ स्थल बनाएं। जितनी भी सार्वजनिक संपत्ति है, उसकी देखभाल व सुरक्षा प्रदान करें। गांव में सभी समाज में सामाजिक समरसता और सद्भाव स्थापित रहे।

इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला सहसंयोजक पुरुषोत्तम निषाद, ओमेश यादव, जतिन देवांगन, संतराम, यशवंत गजेन्द्र, नीलकंठ उपस्थित थे।

**रामधुनी में कंडेल कॉलेज के रासेयो छात्रों की रही सहभागिता**

**धमतरी।** ग्राम कंडेल में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय कंडेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने सेवा प्रदान की। विदित हो कि कंडेल ग्राम में इस वर्ष भी रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें अंचल की विभिन्न मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी।

## पेंशन का लाभ नहीं मिलने से बढ़ी टेंशन

- प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ने समस्याओं को लेकर सीएम विष्णुदेव साय से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के साथ प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ने सकारात्मक चर्चा की। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल भी थे। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांत अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी, कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष नारायण सोनी, डेगमन रजवाड़े, विजय कुमार यादव, मुकुंद पांडे, जयनारायण साहू, सरोधन सिंह ने मुख्यमंत्री को चर्चा में बताया कि 1998-99 के शिक्षक पेंशन से वंचित हो रहे हैं। प्रतिवर्ष सैकड़ों शिक्षक रिटायर हो रहे हैं। उन्हें पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। 20 वर्ष की सेवा शून्य मानी जा रही है । शिक्षकों का संविलयन 2018 में किया गया है। उसी दिन से सेवा की गणना की जा रही है । शिक्षक पेंशन से वंचित होकर दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। उनके समक्ष जीविकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो गई है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नारायण सोनी ने कहा कि शिक्षकों को पेंशन नहीं मिलना दुर्भाग्यजनक बात है। शिक्षक पेंशन की टेंशन झेल रहे हैं।







### राज्य सरकार पर अपराध रोकने में नाकाम रहने का लगाया आरोप

# प्रशांत की मौत से गुस्साए युवाओं ने किया गृहमंत्री का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर युवा साहू समाज कुरुद के अध्यक्ष डुमेश साहू के नेतृत्व में कवर्धा जिले के ग्राम लोहारीडीह में साहू समाज के युवा प्रशांत साहू की पुलिस कस्टडी में बर्बरतापूर्वक मारपीट से हुई मौत के विरोध में गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतना दहन किया गया।

श्री साहू कहा कि ग्राम लोहारीडीह स्वयं गृहमंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा का विधानसभा क्षेत्र है। वहां साहू समाज के 3 लोगों की हत्या की गई। इसमें ग्राम के कुछ निर्दोष लोगों की



भी गिरफ़्तारी की गई है जो पूर्ण रूप से गलत है। जो भी दोषी अधिकारी हैं उनको बर्खास्त कर मृतक परिवार को 1 करोड़ रूपये का मुआवजा दिया जाए। साथ ही ग्राम पंचायत नारी के ग्रामीण अध्यक्ष ननकू साहू की हत्या की पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार का कारगिल चौक में पुतला दहन किया गया।

नगर साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पार्षद डुमेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ते अपराध और उसे रोकने में नाकाम सरकार का हम पुरजोर विरोध करते हैं। साहू समाज के लोगों पर हो रहे ऐसे अत्याचार को सहन नहीं करेंगे। सरकार अपने नैतिक जवाबदारी को समझें और दोषियों पर उचित कार्रवाई कर साहू समाज के लोगों को न्याय दें। सलाहकार मनीष साहू ने कहा कि लोहारीडीह में जो घटना हुई है, वह निंदनीय है। निर्दोष लोगों पर कार्रवाई होना और निर्गम हत्या समूचे समाज के लिए असहनीय है।

इस प्रदर्शन में तहसील साहू समाज के उपाध्यक्ष रामेशर साहू, नगर साहू समाज के अध्यक्ष रामप्यारे साहू, संरक्षक, सचिव उत्तम साहू, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष योगेश साहू ,महामंत्री रविन्द्र साहू, संगठन महामंत्री तुकेश साहू, बसंत साहू, ऐश्वर्य साहू, योगेश साहू, जीतू साहू, उमाशंकर साहू, अशोक साहू, टेमन साहू, परमेश्वर साहू, योगेश साहू, यक्ष साहू, हितेश साहू, दादू साहू, भागवत साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के युवा शामिल रहे।

